कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली. राज.)

Email : pgcollegekarauli@gmail.com Phone – 07464-250023

प्रेस समाचार

22 AUG 2023

राजकीय महाविद्यालय करौली में आगामी सप्ताह होने वाली एनसीसी भर्ती हेतु आवेदन की प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य श्री नत्थू सिंह राजपूत के अनुसार स्नातक (बी. ए/बी.एस.सी./बी.कॉम.) भाग प्रथम के नियमित छात्र–छात्रायें इस भर्ती में भाग ले पायेंगे। लगभग 55 सीटों पर आयोजित इस भर्ती प्रकिया में वे ही अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे, जो दिनांक 26/08/2023 तक आवेदन पत्र जमा करवायेंगे। अभ्यर्थियों का एनसीसी में आवेदन के लिए आवेदन पत्र के साथ दसवीं–बारहवीं की अंकतालिका की छाया प्रतिलिपि, आधार कार्ड, प्रवेश शुल्क रसीद और स्वयं का बैंक खाता होना आवश्यक है। इस भर्ती प्रकिया में चालीस फीसदी पद महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है। भर्ती प्रकिया में भाग लेने वाले छात्र आवेदन पत्र जमा कराने की रसीद (टोकन) और अपने मूल दस्तावेज साथ लेकर आयेंगे।

एनसीसी ए.एन.ओ लेफ्टिनेंट डॉ. महेन्द्र सिंह मीणा के अनुसार भर्ती प्रकिया में भाग लेने वाले पुरूष अभ्यर्थियों की न्यूनतम लम्बाई 172 से.मी एवं महिला अभ्यर्थियों की 160 से.मी. होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को सबसे पहले सोलह सौ मीटर दौड़ में उत्तीर्ण होने के बाद सिटअप और पुशअप जैसी अन्य शारीरिक गतिविधियों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को मेडिकल रूप से फिट होना चाहिए। शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बहुविकल्पात्मक प्रश्न पत्र और मौखिक साक्षात्कार की प्रकिया से गुजरना होगा। भर्ती के दौरान छात्र को अनुशासन का विशेष ध्यान रखना होगा, अन्यथा अनुशासन भंग करने पर उन्हें एन.सी.सी. भर्ती प्रकिया से वंचित कर दिया जावेगा। उपरोक्त मापदण्डों के आधार पर मेरिट के अनुसार सर्वश्रेष्ठ केडेट्स का चयन 14.राज बटालियन के कमाण्डेन्ट अधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा किया जायेगा।

ले. डॉ. महेन्द्र सिंह मीणा
एन.सी.सी. अधिकारी/ए.एन.ओ

Mahendra Singh Meena
NCC Officer/C.T.O
14 Raj. Bn. N.C.C. Kota
Govt. College, Karauli

(श्री नत्थूसिंह राजपूत)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली